तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026

9 महिला समूह के तैयार हर्बल गुलाल से खेलेंगे होली



10 डोली शोभायात्रा के साथ शुभ मुहूर्त में होगा दहन





# रियासतकालीन होली गांव वाले के चंदे से मनेगी, एनएमडीसी, शासन और राजपरिवार से कोई सहयोग नहीं

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

दो साल पहले विधायक और प्रमुख लोगों की पहल से माड़पाल का रियासतकालीन मेला और होलिका दहन के लिए एनएमडीसी नगरनार से 10 लाख की सहायता प्राप्त हुई थी, जो पिछले साल और इस साल नहीं मिला। इस कारण गांव वालों ने घर-घर से चंदा लेकर 2 मार्च को होने वाले आयोजन के लिए जुटे हुए है। हरिभूमि ने माड़पाल पहुंचकर तैयारी का जायजा लिया। रविवार को जर्जर हो चुके रथ को सुधारा जा रहा था। पुरानी लकड़ियां सड़ चुके है जिसे बदला जा रहा था। माड़पाल और उपनपाल के ग्रामीण रथ को कल के आयोजन के लिए तैयार कर रहे थे। वहीं मौजूद पूर्व सरपंच जयराम नाग ने बताया कि पूरे बस्तर में माड़पाल ऐसा गांव है जहां सबसे पहले होलिका दहन होता है, उसके बाद यहां से लकड़ी ले जाकर जगदलपुर के सिरहासार के सामने मावली माता मंदिर के समीप होली जलाते है। यह परंपरा सैकड़ों साल से चली आ रही है। उन्होंने कहा जिस तरह दशहरा पर्व के लिए शासन से तय की गई राशि मिलती है, उसी तरह माड़पाल के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए होलिका दहन में भी शासन को राशि स्वीकृत करनी चाहिए। आज तक किसी भी सरकार ने यह पहल नहीं की है। इसलिए गांव वाले आपस में चंदा कर इस ऐतिहासिक परंपरा को निभा रहे है। दो साल पहले विधायक किरण देव की पहल से 10 लाख मिला था। पिछले साल भी कुछ नहीं मिला और अभी भी नहीं मिला है। सरपंच महादेव बाकड़े ने हरिभूमि से चर्चा में ▶▶|शेष पेज 08 पर

## बस्तर महाराजा रथारूढ़ होकर भ्रमण कर होलिका दहन में होते हैं शामिल

### पूर्व कलेक्टर और सीएमडी से हुई थी बात

माड़पाल होलिका दहन में आर्थिक मदद के लिए पूर्व कलेक्टर हरिश एस और एनएमडीसी के सीएमडी से मेरी बात हुई थी। कलेक्टर बदल गए इसलिए समय पर मदद नहीं मिल पाई। सीएमडी ने कहा था कलेक्टर से लेटर भेजवा दीजिए मदद कर देंगे। दशहरा की तरह माड़पाल के लिए एक फिक्स बजट होना चाहिए। साल में एक बार महाराजा को गांव वाले बुलाते है इसलिए मदद मांगने से हिचकिचाते है। वैसे मांगने पर मदद करते है। परंपरा गांव वालों ने चालू की थी जिसका निर्वहन कर रहे है।

कमलचंद भंजदेव , महाराजा, बस्तर



### खेलकूद और मड़ई के लिए मिलता है एक-एक लाख

माड़पाल का होलिका दहन सैकड़ों साल से मनायी जा रही है। आज भी माड़पाल के लोग पुरखों के द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा कर रहे है। राजा का सम्मान हर साल उसी तरह होता है। ओड़िसा से आने वाले 3 नाट दल का खर्चा ही लगभग 2 लाख हो रहा है। कुल खर्चा 12 लाख तक होगा। एनएमडीसी से प्लांट के लिए जमीन लेने के बाद खेलकूद के लिए एक लाख और मड़ई के लिए एक लाख हर साल मिलता है। यह 10-12 साल पहले शुरू हुआ है। लेकिन होलिका दहन के लिए एनएमडीसी से कोई मदद नहीं मिलता है। पंचायत से कुछ राशि और जनसहयोग से कार्यक्रम होता है।

महादेव बाकड़े, सरपंच, माड़पाल

## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा में 2167 परीक्षार्थी हुए शामिल



**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में रविवार को आयोजित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा जिले के 4 परीक्षा केन्द्रों में संचालित की गई। निरीक्षण डिप्टी कलेक्टर नंदिनी साहू, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गणेश सोरी, सहायक संचालक आदिवासी विकास तनुजा नाग और नायब तहसीलदार लखीराम पांडे ने किया। परीक्षा में कुल 2385 परीक्षार्थियों द्वारा पंजीयन कराया गया था, जिसमें 2167 ने भाग लिया।

### तहसीलदार ने जारी किया स्थगन आदेश



**जगदलपुर।** शिव मंदिर वार्ड निवासी अमित कुमार दास एवं अन्य 6 के आवेदन पर तहसीलदार ने आज रविवार को स्थगन आदेश जारी कर किए जा रहे निर्माण कार्य को आगामी आदेश तक रोक दिया है। आदेश में कहा गया है कि फ्रेजरपुर पटवारी हल्का नंबर 9 में स्थित भूमि राजस्व अभिलेखों में आवेदकगणों के नाम पर दर्ज है। जिस पर आज 1 मार्च को जेसीबी लगाकर बाउंड्रीवाल तोड़कर कब्जा किया जा रहा है। तहसीलदार ने उमाशंकर शुक्ल और मुरली नायडु को संबंधित भूमि का दस्तावेज के साथ जवाब देने 5 मार्च तय किया है।

### साप्ताहिक बाजार में 5 रुपए प्रति किलो में बिका टमाटर



**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में टमाटर की बंपर आवक के कारण दाम 5 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। टमाटर बाजार में अधिक मात्रा में आ गए हैं, जिससे कीमतों में भारी गिरावट आई है। सब्जियों का उत्पादन होने के कारण टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी, बैगन, टमाटर समेत सभी मौसमी सब्जियां काफी सस्ती हो गई हैं। बाजार में मटर 40, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 30, भिंडी 60, आलू 20, प्याज 30, भट्टा 50, मुनगा 50, करेला 80 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी, प्याज भाजी 20 रूपए में 3 जूड़ी बिक रही है।

### ट्रांसजेंडर समुदाय के बस्तर फाइटर का हुआ सम्मान

# नृत्य, रैंप वाक, चित्रकला और सजावट वस्तुएं बनाकर दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उभयलिंगी समुदाय के लिए सुरक्षित स्थान बनाने के उद्देश्य से चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी एवं समाज कल्याण विभाग के द्वारा पुनर्वास के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसमें स्कूल, कॉलेज, सरकारी विभागों और पंचायत स्तर में यौन लैंगिक पर कार्यशाला के माध्यम से जागरूकता किया जा रहा है। इसके साथ बस्तर में उभयलिंगी को कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। उनके हुनर को पहचान कर मुख्यधारा से जोड़कर आजीविका के लिए कार्य किया जा रहा है। चेतना संस्था के द्वारा प्राइड परेड का आयोजन 2016 से किया जा रहा है। उभयलिंगी के अधिकारों और समुदाय सशक्तिकरण, समानता, सुरक्षित स्थानों और कानूनी अधिकारों के लिए कार्य हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए बस्तर कैफे में उभयलिंगी उत्थान एवं सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें अभी तक 28 को टीजी कार्ड वितरण किया गया। ये टीजी कार्ड उभयलिंगी के लिए आधार कार्ड के बराबर कार्य करता है, जिससे भविष्य में इस कार्ड के माध्यम से समुदाय लाभान्वित होंगे।

- चेतना संस्था और समाज कल्याण विभाग की पहल से उभयलिंगी को आगे ले जाने हुआ कार्यक्रम



### 9 उभयलिंगी की नियुक्ति बस्तर फाइटर में

चेतना संस्था के द्वारा पुलिस विभाग की मदद से पुलिस सेवा भर्ती परीक्षा में चयन कराने के लिए 14 उभयलिंगी व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। जिसके परिणाम स्वरूप 9 उभयलिंगी की नियुक्ति बस्तर फाइटर के लिए हुई है। इस पहल का उद्देश्य भेदभाव को कम करना और हाशिए पर पड़े समुदाय के लिए एक सम्मानजनक कैरियर मार्ग प्रदान करना था।

### कई क्षेत्रों में समुदाय दे रहा योगदान

ब्यूटी पार्लर, स्वास्थ्य सेवा, फूड इंडस्ट्री, स्वयं का बिजनेस जैसे क्षेत्र में समुदाय के द्वारा योगदान दिया जा रहा है। बस्तर कैफे में उभयलिंगी व्यक्तियों के द्वारा एक मंच में किए जा रहे कार्यों की प्रदर्शनी, नृत्य, रैंप वाक और स्टॉल लगाए गए। जिसमे हस्तशिल्प सामग्री, चित्रकला, जागरूक संबधित पुस्तिकाएँ एवं सजावट वस्तुएं प्रदर्शित किया गया। जिसमे कलाकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से यह बताया कि वे किसी भी कार्य में किसी से कम नहीं है।



### अपमानजनक शब्दों से होती है पीड़ा

ट्रांसजेंडर समुदाय को अक्सर अपमान जनक शब्दों छक्का, हिजड़ा, मीठा, चिकना, किन्नर का इस्तेमाल कर प्रताड़ति किया जाता है। उन्हें तुच्छ समझकर घूरना, गंदे इशारे करना, उन पर भद्दे कमेंट करना आम है। इन अपमानजनक बातों और व्यवहार के कारण उन्हें मानसिक और सामाजिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। चेतना संस्था अध्यक्ष रेखा परैया ने बस्तर आर्ट गैलरी में उपस्थित मेहमानों से आग्रह किया कि आगे से जब भी उन्हें उभयलिंगी व्यक्तियों से जब भी सामना होगा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग ना किया जाए वो भी समाज का एक हिस्सा है जिन्हें हम सब मिलकर सम्मान जनक शब्दों के साथ सम्मान दें।

# विशेष ट्रेन 00559 का जगदलपुर से बांकुरा तक विशेष संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जगदलपुर से बांकुरा तक विशेष ट्रेन संख्या 00559 चलाई जाएगी। यह गाड़ी 20 आईसीएफ डिब्बों 2 जनरेटर सह लगेज सह दिव्यांग डिब्बा, 17 सामान्य श्रेणी डिब्बे, 1 वातानुकूलित कुर्सीयान के संयोजन के साथ संचालित होगी।

- पूर्वी तट रेलवे का निर्देश, 20 डिब्बों के साथ चलेगी विशेष गाड़ी
- जल,सफाई व यांत्रिक व्यवस्था सुनिश्चित; नियमों के अनुसार वाणिज्यिक प्रक्रिया अनिवार्य

पूर्व तट के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक कार्यालय रेल सदन भुवनेश्वर द्वारा जारी स्मरण पत्र के अनुसार खाली रेक को भुवनेश्वर से जगदलपुर लाकर 28 फरवरी को रात्रि 21:30 बजे प्रस्थान से पूर्व लगाया गया। गाड़ी 28 फरवरी को जगदलपुर से रवाना होकर 2 मार्च को प्रातः 2:20 बजे बांकुरा पहुंचेगी। निर्धारित ठहराव तितलागढ़, संबलपुर,राउरकेला एवं पुरुलिया में रहेगा,जहाँ पानी भरने व सफाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी वातानुकूलित डिब्बों के लिए यांत्रिक कर्मी की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति,जल भराव,स्वच्छता एवं धूम्रीकरण पूर्व में सुनिश्चित किया जाएगा। वाणिज्यिक औपचारिकताएँ पूर्ण किराया दर योजना के अंतर्गत नियमानुसार पूरी होने के बाद ही संचालन की अनुमति होगी।

### संचालन एवं प्रशासनिक निर्देश

विशेष गाड़ी के ठहराव केवल निर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए होंगे तथा कार्य पूर्ण होने पर निर्धारित समय से पूर्व भी प्रस्थान संभव है। ब्रेक शक्ति प्रमाण पत्र भुवनेश्वर से बांकुरा तक निर्धारित मार्ग से जारी होगा,जिसकी वैधता 3500 किलोमीटर अथवा सात दिन तक रहेगी। इंजन,चालक दल एवं गार्ड की व्यवस्था संबंधित मंडलों के समन्वय से की जाएगी। सुरक्षा जमा राशि पूर्व में जमा की जा चुकी है तथा यात्रा प्रारंभ से पहले सभी वाणिज्यिक प्रक्रियाएँ पूर्ण करना अनिवार्य रहेगा। कार्य समाप्ति उपरांत रेक को न्यूनतम दूरी वाले मार्ग से भुवनेश्वर वापस भेजा जाएगा और पूरी गतिविधि पर सतत निगरानी रखी जाएगी।

# संकल्प से समृद्धि की ओर बजट 2026 27 को देव ने बताया- ऐतिहासिक दस्तावेज

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के राज्य बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट केवल आँकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की पौने तीन करोड़ जनता की आकांक्षाओं को पूर्ण करने वाला 'संकल्प पत्र' है। उन्होंने इसे भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी कार्यप्रणाली का प्रमाण बताया। उनके अनुसार यह बजट पूर्व शासन की कमियों को दूर कर राज्य को विकास की तेज रफ्तार पटरी पर ले जाने वाला है।

- विकसित भारत के लक्ष्य की ओर निर्णायक कदम

रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रवार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार का पहला बजट 'ज्ञान', दूसरा 'गति' और इस वर्ष का बजट 'संकल्प' की थीम पर आधारित है। यह समावेशी विकास, सुदृढ़ अधोसंरचना और नीति से परिणाम तक पहुंचने की स्पष्ट दिशा देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के स्वप्न को 'विकसित छत्तीसगढ़' के माध्यम से साकार करने का यह मजबूत आधार है।




**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान सांसद महेश कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, ▶▶|शेष पेज 08 पर

### होलिका दहन आज भद्रा के पश्चात रात्रि 1:27 बजे के बाद होगा शुभ

**जगदलपुर।** होली के अवसर पर चंद्रग्रहण को लेकर धार्मिक अनुशासन और समय-सारिणी स्पष्ट की गई है। 2 मार्च सोमवार की रात्रि 1:27 बजे के बाद भद्रा के पुछ्छ काल में होलिका दहन किया जाएगा। इसके अगले दिन 3 मार्च को चंद्रग्रहण रहेगा,जिसके कारण मंदिरों में विशेष व्यवस्था लागू रहेगी। आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी ने बताया चंद्रग्रहण के दिन प्रातः 6:20 बजे से सूतक प्रभावी मानते हुए मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाएंगे तथा पाक त्याग किया जाएगा। जगदलपुर के लिए यह समय प्रातः 9:07 बजे से प्रभावी होगा। ग्रहण काल अपराह्न 3:20 से 6:47 बजे तक रहेगा। जगदलपुर में ग्रहण स्पर्श संध्या 6:07 बजे तथा सर्वमोक्ष 6:47 बजे होगा। ग्रहण मोक्ष के उपरांत संध्या 7 बजे के बाद स्नान कर देवपूजन एवं भोजन किया जा सकेगा। 4 मार्च को धुलेंडी रंगोत्सव मनाया जाएगा।

- 2026 सूतक, कपाट बंद और शुद्धि का समय स्पष्ट

# सिलेंडर से निकलेगा गुलाल, होली के रंगों से भरा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के गोलबाजार, संजय मार्केट में होली के चलते रंग-बिरंगी पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। बड़ों के लिए गुलाल सिलेंडर और इलेक्ट्रॉनिक गन तो बच्चों को कार्टून पिचकारी के साथ ही गदा, हथौड़ा, टंगिया वाली पिचकारी आकर्षित कर रही है। पिचकारी और गुलाल की खरीदारी शुरू हो गई है। इस बार बाजार में विभिन्न प्रकार के आइटम उपलब्ध हैं। नए तरह की पिचकारी, फायर सिलिंडर की तरह चलने वाला गुलाल इस बार लोगों को अधिक आकर्षित कर रहा है।

- गदा, हथौड़ा, टंगिया वाली पिचकारी से रंगों की होगी बौछार



पिचकारी, कॉर्टून पिचकारी, प्रेशर पिचकारी, फॉग सिलिंडर, खिलौने वाली पिचकारी बच्चों की पसंद बनी हुई है। पानी में घुलने वाले रंगों के साथ रंगबिरंगे फॉग स्प्रे, विभिन्न प्रकार के गुलाल भी लोगों को उत्साहित कर रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि ग्राहकों की मांग को देखते हुए अलग-अलग प्रकार के रंग-गुलाल मंगवाए गए हैं। बताया कि लोगों को सबसे ज्यादा आकर्षित गुलाल सिलेंडर कर रहा है। इसमें से रंग-बिरंगा गुलाल सभी को सराबोर कर देगा। इसमें दो से लेकर 6 किलो गुलाल तक भरा जा सकता है।

**सिलेंडर वाली पिचकारी दो हजार तक मिल रही :** शहर के गोलबाजार स्थित कव्या होली सेंटर के संचालक राघव राठी ने बताया कि गुलाल सिलेंडर, इलेक्ट्रानिक गन का भी काफी क्रेज है। इसका बटन दबाने ▶▶|शेष पेज 08 पर

### किसान हो रहे परेशान, पूरा धान खरीदे सरकार : मौर्य

# बिजली, पानी, स्वास्थ्य समेत अन्य कई मामलों में सरकार असफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने प्रेसवार्ता में कहा भाजपा सरकार के द्वारा 2025 में पेश की गई विकसित भारत की राम जी ग्रामीण भारत योजना का नाम बदलकर मनरेगा किए जाने से मजदूर वर्ग के लोग भ्रम और परेशानी का सामना कर रहे हैं। हमारी मांग है इस योजना का नाम वापस मनरेगा ही रखा जाए। वहीं कई किसानों की अब तक धान खरीदी नहीं हो पाई है, जिससे किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सरकार ने खरीदी की अवधि दो दिन बढ़ाई थी, लेकिन इसके बावजूद कई किसानों को राहत नहीं मिली है। कांग्रेस ने मांग की है कि जिन किसानों की धान खरीदी शेष है, उनकी तत्काल खरीदी की जाए।

- मनरेगा का नाम बदलने से मजदूरों में भ्रम की स्थिति

श्री मौर्य ने कहा, बस्तरवासियों को रेल व हवाई सेवा देने में नाकाम साबित हो चुकी भाजपा सरकार और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी बस्तरवासियों के साथ छलावा है। भाजपा सरकार वन अधिकार अधिनियम के कानूनों का उल्लंघन कर रही है। वैध पट्टाधारी आदिवासी परिवारों के घरों को तोड़ने की कार्रवाई कर रही है। अपने पूंजिपतियों को लाभ पहुंचाने वाली यह सरकार सिर्फ दमनकारी नीतियों को अपना रही है । 200 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ सिर्फ एक साल के लिए किया, जिसके साथ में शर्तें भी लागू कर दी गई हैं। 400 यूनिट खपत पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा, जबकि कांग्रेस सरकार में 400 यूनिट तक हॉफ का फायदा मिलता था। हमारी मांग है कि 400 यूनिट तक हॉफ योजना बहाल की जाए।




### संपत्ति कर के नाम पर हो रही अवैध वसूली

शहर की जनता को स्वच्छ जल प्रदान करने में यह सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। कुत्तों का आतंक शहर में बढ़ता जा रहा है किन्तु निगम सरकार आंखों में पट्टी बांधे बैठे हुई है। कई बच्चों को आवारा कुत्तों ने शिकार बनाया है किन्तु निगम प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है। इतना ही नहीं संपत्ति कर के नाम पर जनता से अवैध वसूली और लूट का कारोबार चल रहा है।

### ये भी रहे मौजूद

इस दौरान हनुमान द्विवेदी, पार्षद सूर्यापानी वेंकट राव, अभिषेक नायडू, रविशंकर तिवारी, सलीम अली, मोहसिन खान, संतोष सिंह, छबि श्याम तिवारी, नारायण बघेल, बालेश दुबे मौजूद रहे।

# 5 माह से वेतन नहीं मिलने से परिवार आर्थिक रूप से मजबूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत कंपनी के सुकमा जिले में 32 एफओसी कर्मचारियों को 5 माह से वेतन नहीं मिलने से उनके परिवार आर्थिक रूप से मजबूर हैं। कर्मचारियों को होली का पर्व फीका रहेगा, जिससे लोग परेशान है, पर इस ओर कंपनी के अधिकारियों का ध्यान नहीं है। इसके लिए कर्मचारियों कई बार स्थानीय अधिकारियों को मौखिक एवं लिखित में सूचना दी पर अब तक वेतन मिल सका। आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत एफओसी कर्मचारी शंकर लाल, सोमू, प्रदीप, गोविंद, भगत, रविन्द्र, कमलकांत, खगेश, महादेव, पंडरू, अनिल, राजेन्द्र एवं सुगंध आदि ने बताया कि अक्टूबर से फरवरी तक का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। विगत 5 माह से वेतन नहीं मिलने से हम सभी कर्मचारी मासिक एवं अर्थिक रूप ▶▶|शेष पेज 08 पर

- होली पर्व फीका होने से कर्मचारी व परिवार परेशान

## खबर संक्षेप

### चालक की लापरवाही से हुई मौत, मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 ठेलकाबोड़ के पास सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 4189 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाने से गोविंद नेताम को गंभीर चोट आया व इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर अस्पताल में इलाज के दौरान 28 दिसंबर को मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### आग से बचाने डमरू की गूंज से गूंजा संदेश

**दुर्गूकोंदल।** वन संरक्षण को लेकर एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल के तहत ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने ग्राम झिटकाटोला में डमरू बजाकर ग्रामीणों को वनों को आग से बचाने के लिए जागरूक किया। पारंपरिक तरीके से लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने वन सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह गांव की गलियों में डमरू बजाते हुए निकले और ग्रामीणों को समझाया कि गर्मी के मौसम में छोटी सी लापरवाही भी भीषण वनाग्नि का रूप ले सकती है।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत भनसुली निवासी 17 वर्षीय दीपिका कुंजाम पिता रतन ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 27 फरवरी को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका ने फांसी किन कारणों से लगाया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने लगाई फांसी दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थाना क्षेत्र के हल्बा चौकी अंतर्गत 26 वर्षीय प्रफुल्ल चक्रधारी पिता स्व. सुरेंद्र ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 27 फरवरी को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### गोटुलमुंडा में आज देव मड़ई का आयोजन

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम गोटुलमुंडा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 मार्च को पारंपरिक आस्था और संस्कृति का प्रतीक देव मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम होच्चेटोला भुईयां (जिला मोहला-मानपुर) के कलाकारों द्वारा आकर्षक एवं पारंपरिक लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। ग्राम गायता राजेंद्र पुडो, ग्राम पटेल मुकेश पुड़ो, उपसरपंच धनीराम पद्माकर, बल्दूराम दर्रो, अर्जुन टेकाम एवं ग्रामीणोंने जानकारी देते हुए बताया कि देव मड़ई में आसपास के गांवों से बैगा, पुजारी तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पारंपरिक उपस्थिति रहेगी।

# बजट में कोंडागांव विस को मिली 200 करोड़ से अधिक की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ संकल्प सीजी बजट 2026–27 में कोंडागांव विधानसभा को 200 करोड़ रुपये से अधिक की बड़ी सौगात मिली है। यह उपलब्धि कोंडागांव विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी की विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम मानी जा रही है।

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत कुल 140 करोड़ रुपये की लागत से 22 विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से 18 सड़कों का निर्माण शामिल है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रें में आवागमन सुविधाजनक होगा। विशेष रूप से कोंडागांव राष्ट्रीय राजमार्ग से नारायणपुर रोड को जोड़ने वाले बाईपास मार्ग पर नारंगी नदी के ऊपर पुल एवं सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई है। यह परियोजना क्षेत्रीय यातायात के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

## एनएच बाईपास को नारंगी नदी के पास से पुल एवं सड़क निर्माण कार्य भी स्वीकृत

### चार बड़े पुलों का होगा निर्माण

लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग अंतर्गत कुल 4 बड़े सेतु निर्माण कार्यों को भी बजट में शामिल किया गया है जिससे दुर्गम क्षेत्रें की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। जल संसाधन विभाग अंतर्गत सिंचाई क्षमता में वृद्धि के लिए 8 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी कुल लागत 35.5 करोड़ रुपये है। इससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 3 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 2 नवीन सड़क निर्माण तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित 12 किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए 8.59 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत नकटीमुंडा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 3 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।



### शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र को भी मिली मजबूती

स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत 7 नवीन शाला भवनों के निर्माण के लिए 3 करोड़ 65 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसमें 4 प्राथमिक शालाएं, 1 हाई स्कूल और 2 नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन शामिल हैं। जिले में बहुप्रतीक्षित शासकीय जीएनएम नर्सिंग हॉस्टल भवन निर्माण के लिए लगभग 11 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही कोंडागांव एसडीएम कार्यालय सह तहसील कार्यालय के लिए कम्पोजिट बिल्डिंग तथा उप संचालक कृषि कार्यालय के लिए भी बजट में राशि रखी गई है।

### ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक की सौगात

ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को तकनीक आधारित बनाने के लिए ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (ई–ट्रैक) निर्माण के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है। इन सभी विकास कार्यों के लिए लता उसेंडी ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित कैबिनेट के सभी मंत्रियों का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया।

## कृषक उन्नति योजना अंतर्गत हुआ आदान सहायता राशि वितरण समारोह

# जिले के 47 हजार से अधिक किसानों के खातों में 236.57 करोड़ रुपये अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

राज्य शासन की कृषक हितैषी पहल के तहत कृषक उन्नति योजना अंतर्गत कोण्डागांव जिले के 47,471 पंजीकृत धान एवं धान बीज उत्पादक किसानों के खातों में 236.57 करोड़ रुपये से अधिक की आदान सहायता राशि सीधे अंतरित की गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से राशि जारी की।

- विधायक लता उसेण्डी जिला स्तरीय कार्यक्रम में हुईं शामिल

जिला स्तरीय कार्यक्रम एन.सी.सी. मैदान, कोण्डागांव में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी उपस्थित रहीं। विधायक सुश्री उसेण्डी, कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम सहित अन्य अतिथियों ने लाभार्थी किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

### किसान हित में प्रतिबद्ध सरकार : विधायक उसेण्डी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में प्रतिबद्ध है और योजनाओं की राशि समय पर सीधे किसानों के खातों में अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से जिले के किसान उन्नत कृषि तकनीक एवं फसल विविधीकरण अपनाकर बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को वार्षिक 18 हजार रुपये की सहायता प्राप्त हो रही है।

महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण को प्राथमिकता दी जा रही है। विधायक ने किसानों से अपील की कि भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से बचें और जैविक खेती को बढ़ावा दें। पर्यावरण संरक्षण एवं जल संचयन पर जोर देते हुए उन्होंने अधिक वृक्षारोपण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में संचालित पीएम सूर्यघर योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे बिजली बिल शून्य होने के साथ अतिरिक्त आय की भी संभावना है। साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र के अधोसंरचना विकास के लिए 200 करोड़ रुपये की स्वीकृति को ऐतिहासिक बताया।




### योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन : कलेक्टर

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने कहा कि जिले में एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से सुचारु रूप से धान खरीदी की गई है। कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से उन्नत कृषि तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पशुपालन एवं उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहित कर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य हो रहा है।

### अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी किया संबोधन

नपाध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि अंतरित राशि से किसानों को खेती कार्य में मजबूती मिलेगी और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम को नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी एवं जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य रामदई नाग एवं यशोदा कश्यप, मनोज जैन, जितेन्द्र सुराना, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, कृषि विभाग के उप संचालक कैलाश मरकाम सहित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# 45 नए आवासों को मिली स्वीकृति, हितग्राहियों ने शुरू किया निर्माण कार्य



**केशकाल।** नगर पंचायत केशकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय चरण प्रारंभ हो चुका है जिसमें शासन द्वारा 45 आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसमें सभी वार्डों में लाभांवित हितग्राहियों को भुवन अनुज्ञा प्रदान कर दिया गया है, जिसमें हितग्राहियों द्वारा अपने विधि विधान से भूमि पूजन कर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

- केशकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना का द्वितीय चरण प्रारंभ

इसी संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नामेश्वर कावड़े से बात करने में उन्होंने बताया की शासन के इस महत्वपूर्ण योजना को नगर के समस्त जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। जिसमें प्रथम चरण में लगभग 676 हितग्राहियों को योजना से लाभ पहुंचाया गया है अब द्वितीय चरण में भी अधिक से अधिक संख्या में पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलवाया जाएगा।

### बिना पट्टे वाले लोग भी हो सकेंगे लाभांवित

हितग्राही जो आबादी क्षेत्र पर निवासरत है जिनके पास भूमि का पट्टा नहीं है एवं वो शासन के द्वारा निर्धारित मापदंड व दिशानिर्देशों को परिपूर्ण कर रहे है वो भी इस योजना का लाभ ले सकेंगे । आबादी भूमि दस्तावेज के रूप में वे अगर उस जमीन का संपत्ति कर, समेकित कर, बिजली बिल टैक्स अदा कर रहे हो तो वो भी इस योजना में लाभ ले सकेंगे। यह प्रेस विज्ञप्ति मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत केशकाल ने दी है।

# कलेक्टर ने सेजेस के नवनियुक्त अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के विभिन्न सेजेस विद्यालयों में संविदा भर्ती के तहत चयनित नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर कलेक्टर ने 37 नवनियुक्त व्याख्याता, शिक्षक एवं ग्रंथपालों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे शीघ्र कार्यभार ग्रहण कर अपने शिक्षकीय दायित्वों का ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करें।

- 37 व्याख्याता, शिक्षक एवं ग्रंथपालों को मिली जिम्मेदारी

कलेक्टर ने नवनियुक्त शिक्षकों से विद्यालय में संयमित आचरण एवं अनुशासन बनाए रखने की अपील की। साथ ही उन्होंने पढ़ाई के साथ–साथ विद्यालय एवं विद्यार्थियों के हित में नवाचार करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

जिले के सेजेस विद्यालयों में कुल 42 रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसके विरुद्ध 37 पदों की पूर्ति की गई है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, डिप्टी कलेक्टर रश्मि पोया, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, वेणु गोपाल राव सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलेभर में स्टार्टअप व उद्यमिता जागरुकता के लिए हो रहीं कार्यशालाएं

**कोण्डागांव।** व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव द्वारा जिले में नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025–30 के व्यापक प्रचार–प्रसार के तहत किया जा रहा है।

इन कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, आईटीआई के विद्यार्थियों, जमीनी स्तर के नवप्रवर्तकों, युवाओं, महिलाओं एवं संकाय सदस्यों को स्टार्टअप स्थापना, स्वरोजगार के अवसरों तथा शासन की विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है।

**तीन तिथियों में होंगी कार्यशाला :** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन निम्न तिथियों में किया जाएगा। 25 फरवरी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केशकाल, 26 फरवरी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोण्डागांव, 6 मार्च शासकीय गुण्डाधुर महाविद्यालय कोण्डागांव इच्छुक प्रतिभागियों से सहभागिता की अपील जिले के इच्छुक युवक–युवतियों, विद्यार्थियों एवं नवप्रवर्तकों से अपील की गई है कि वे इन कार्यशालाओं में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर स्टार्टअप एवं उद्यमिता से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करें तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं।

# केशकाल विधायक के प्रस्तावित कई विकास के कार्य बजट में शामिल: राव

**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 को प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है। नीलकंठ टेकाम द्वारा प्रस्तावित कई विकास कार्यों को बजट में शामिल किए जाने पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। भाजपा मंडल फरसगांव के महामंत्री प्रवीण राव ने कहा कि यह बजट प्रदेश के चौतरफा विकास एवं आत्मनिर्भरता को समर्पित दूरदर्शी दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह बजट ग्राम, गरीब, किसान, युवा और महिलाशक्ति के सर्वांगीण उत्थान की भावना से तैयार किया गया है।



प्रवीण राव ने बताया कि बजट में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, कृषि को प्रोत्साहन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, सड़क निर्माण, उद्योगों के विकास तथा रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि युवाओं के लिए नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने विधानसभा केशकाल की जनता की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी तथा विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट क्षेत्र के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगा।

## पेज 7 के शेष

### रियासतकालीन होली गांव वाले के...

कहा कि सांसद महेश कश्यप और विधायक किरण देव से गांव के प्रमुख लोग मिले है। विधायक ने कलेक्टर आकाश छिकारा को हमारे सामने फोन लगाकर एनएमडीसी से राशि दिलाने को कहा। कलेक्टर ने आश्वासन दिया है, लेकिन अभी तक हाथ में कुछ नहीं आया है। गांव के हर घर से लोग अपनी हैसियत के अनुसार 200 से 1000 तक की सहायता कर रहे है लेकिन इससे कुछ होना जाना नहीं है। जब तक एनएमडीसी और शासन से एकमुश्त राशि नहीं मिल जाती ।

**दानवीर थे प्रवीर, वर्तमान महाराजा से नहीं मिलती मदद :** बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव प्रतिवर्ष रियासतकालिन होलिका दहन में माड़पाल जाकर देवी की पूजा अर्चना सहित सभी परंपराओं का निर्वहन करते है। रथ में सवार होकर पूरे गांव की परिक्रमा कर लोगों का अभिवादन करते है। आज भी बस्तर के लोग महाराजा को पूरा सम्मान देते हैं जैसा कि सर्वाधिक लोकप्रिय महाराजा रहे प्रवीरचंद भंजदेव को मिलता था। लोगों ने कहा कि महाराजा प्रवीर दानवीर थे। वे लोगों को दिल खोलकर आर्थिक सहायता करते थे। लेकिन माड़पाल के इस बड़े आयोजन में वर्तमान महाराजा से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिलता। मौजूद लोगों ने कहा, उनसे हर साल सहायता मिलनी चाहिए।

### संकल्प से समृद्धि की...

विधायक विक्रम उसेण्डी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, विनायक गोयल, चैतराम अट्टामी, आशा राम, प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय, महापौर संजय पाण्डेय, प्रदेश मीडिया संयोजक हेमन्त पाणिग्राही, कमल चंद्र भंजदेव, लच्छू राम कश्यप, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, जिला महामंत्री परीस बेसरा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिलाष यादव उपस्थित रहे।

### सिलेंडर से निकलेगा...

के साथ ही गुलाल और रंग निकलेगा, लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इसी तरह त्रिशूल, गदा, हथौड़ा, टंगिया और डमरू पिचकारी बच्चों को खूब पसंद आ रही है। इसी तरह खिलौनों वाली पिचकारी भी बिक रही है।

### 5 माह से वेतन...

परेशानी से जूझ रहे है। पॉवर कंपनी प्राथमिक नियोक्ता होने के नाते मांग की कि वेतन भुगतान करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। ध्यान नहीं देने पर कर्मचारी हड़ताल करने की चेतावनी दे चुके हैं।

**उच्च अधिकारियों को भेजा :** विद्युत कंपनी सुकमा संभाग के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने इस संबंध में बताया कि एफओसी कर्मचारियों को 5 माह से वेतन दिलाने के लिए उच्च अधिकारियों को भेजा गया है।

## समर्पण वृद्धाआश्रम, कोंडागांव में बुजुर्गों के साथ बांटी खुशियां

# स्वास्थ्य संयोजक संघ ने सेवाभाव के साथ मनाई वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

स्वास्थ्य संयोजक संघ ने सेवा भाव के साथ वर्षगांठ मनाई। हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी कार्यक्रम का आयोजन समर्पण वृद्धाआश्रम, कोंडागांव में किया गया, जहां संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उन्हें सम्मान और अपनापन प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर की गई। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने संघ की निरंतर प्रगति, एकता और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री जैसे टूथब्रश, साबुन, तेल, तौलिया आदि वितरित किए गए। साथ ही मिठाई बांटकर वर्षगांठ की खुशियां साझा की गईं।

### सेवा ही संघ का मूल उद्देश्य

स्वास्थ्य संयोजक संघ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। संघ द्वारा समय–समय पर ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, रक्तदान शिविर, जरूरतमंद मरीजों की सहायता एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सेवा कार्य किए जाते रहे हैं। संघ का प्रयास है कि अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा की भावना को साकार किया जा सके।




### सेवा, समर्पण और मानवता का संकल्प

सभी सदस्यों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में भी सेवा, समर्पण और मानवता की भावना के साथ समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करते रहेंगे। स्वास्थ्य संयोजक संघ की 12वीं वर्षगांठ केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का प्रतीक रही।

### पदाधिकारियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश जायसवाल, जिला अध्यक्ष द्रुपत राज सेठिया, जिला उपाध्यक्ष नवीन बिसोई कोंडागांव, जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र नेताम माकड़ी, जिला सचिव हेमसिंह सोड़ी, जिला मीडिया प्रभारी संत कुमार नाग, मनोज बघेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# होली का पर्व सौहार्द्रपूर्वक मनाने की अपील शांति समिति ने की

**दुधावा।** होली जैसे उल्लास और रंगों के पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में मनाने के उद्देश्य से पुलिस चौकी दुधावा में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रमुखों, पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि त्योहार की खुशियों को सुरक्षित और मर्यादित वातावरण में मनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दुधावा चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र वर्मा ने सभी उपस्थितजनों से अपील की कि होली के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

### धान का बोनस मिलने से किसानों में हर्ष : शैलेश



**गीदम।** छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को होली से पहले धान बोनस की राशि एक मुस्त देने पर पूरे प्रदेश के किसानों में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा ने सरकार के इस स्वागत योग्य निर्णय लेकर कार्य करने पर आभार जताया है। छत्तीसगढ़ किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश अटामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नत योजना के तहत धान के मूल्य अंतरराशि के रूप में 731 रुपए से लगभग दस हजार करोड़ रुपए से भी अधिक राशि सीधे किसानों के खातों में राशि ट्रांसफर किया गया जो की पूरे भारत वर्ष में सर्वाधिक है। सरकार केवल धान की खरीदी ही नहीं करती है बल्कि किसानों के परिश्रम का उचित मूल्य सुनिश्चित करना और उनके सम्मान की रक्षा करना अपना दायित्व मानती है। शासन के इस निर्णय का किसानों को आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ होली में एक मुफ्त राशि आने पर होली की उमंग और बढ़ेगी तथा किसानों को आगामी कृषि कार्य तथा अन्य काम में मदद भी मिलेगा।

### मॉडिफाइड साइलेंसर वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग



**गीदम।** नगर में लगातार बढ़ रही तेज रफ्तार बाइक एवं फटी मॉडिफाइड साइलेंसर वाली गाड़ियों की समस्या को लेकर थाना प्रभारी को युवा कांग्रेस द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया कि नियमों की अनदेखी कर चलाए जा रहे ऐसे वाहन आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं तथा ध्वनि प्रदूषण के कारण वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि 10 दिवस के भीतर विशेष अभियान चलाकर ऐसे वाहनों की जांच की जाए तथा दोषी पाए जाने पर सख्त चालानी एवं वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आईटी सेल जिला सचिव एवं मीडिया प्रभारी ऋषभ सुराना ने कहा कि कुछ लोग शौक और दिखावे के नाम पर फटी या मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग कर कानून की अवहेलना कर रहे हैं। तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहन संचालन से किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है।
ज्ञापन सौंपते समय जिला कांग्रेस कमेटी सचिव रजत दहिया, जनपद सदस्य मड्डा राम वेक, मिडिया प्रभारी ऋषभ सुराना ब्लॉक सचिव अरुण मंसूरे, मंडल अध्यक्ष रोशन पावर, बलदेव सोढ़ी, विवेक यादव, विक्की नेताम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उपनेता प्रतिपक्ष बनते ही बस्तर में शक्ति प्रदर्शन



**घाटलोहंगा।** छग विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष नियुक्त किए जाने के उपरांत बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के प्रथम बस्तर आगमन पर पूरे बस्तर संभाग में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों द्वारा जगह-जगह भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। उनके स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला।

## निधन

### आशु तिवारी



**जगदलपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेंद्र तिवारी के सुपुत्र आशु तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया। वे आशु मोबाइल के संचालक थे। उनके निधन से कांग्रेस पार्टी ने कल का कलेक्टोरेट घेराव स्थगित कर दिया है। युवा अवस्था में आकस्मिक निधन से परिवार में शोक है।

### दंतेवाड़ा से रायपुर तक बिक्री केंद्र स्थापित

# महिला समूह के तैयार हर्बल गुलाल से खेलेंगे होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा में होली पर्व को सुरक्षित, स्वास्थ्यप्रद और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में मां दंतेश्वरी महिला स्व-सहायता समूह ने प्राकृतिक रंगों से तैयार किया गया हर्बल गुलाल बाज़ार में उतारा है। इस पहल को तकनीकी सहयोग कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा से मिला है।

■ इस पहल से उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में नया अवसर मिला



गुलाल का विक्रय दंतेवाड़ा में कलेक्टर कार्यालय के सामने, बचेली में मैन चौक के पास, कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा और रायपुर में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विक्रय उत्पाद केंद्र, लाभान्डी में भी किया जा रहा है। इस विस्तार से उत्पाद को स्थानीय स्तर से राज्य स्तरीय बाज़ार तक पहुंचाने का अवसर मिला है। हर्बल गुलाल तैयारी की तकनीकी प्रक्रिया में कच्चा माल जैसे हरी पत्तियां, गेंदा, पलाश, चुकन्दर, सिंदूर, मेहंदी, अपराजिता, हल्दी और चंदन जैसे औषधीय तत्व तत्वों का उपयोग किया गया है। इन फूलों और पत्तियों को छाया में सुखाया गया ताकि उनका प्राकृतिक रंग और औषधीय गुण सुरक्षित रहें। सूखे फूलों को बारीक पीसकर छलनी से छाना गया, जिससे गुलाल मुलायम और त्वचा पर सहज बने। इस मिश्रण के हल्दी, चंदन और अन्य औषधीय तत्व मिलाकर गुलाल को त्वचा के लिए सुरक्षित और सुगंधित बनाया गया। इसके बाद आकर्षक पैकेटों में पैक कर बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध कराया गया है। यह गुलाल रासायनिक रंगों से मुक्त है, जिससे जल और मिट्टी प्रदूषित नहीं होते। फूलों और पत्तियों का पुनः उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल और सुरक्षित होली मनाने का प्रयास किया गया है। जिससे त्वचा पर कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ता, यह बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी सुरक्षित है एवं यह पहल स्थानीय संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देती है। समूह की महिलाओं ने बताया कि इस पहल से उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में नया अवसर मिला है।

#### यह प्रयास सराहनीय

कलेक्टर दंतेवाड़ा ने कहा की मां दंतेश्वरी महिला समूह का यह प्रयास सराहनीय है। इससे महिलाओं को आय का साधन मिला है और त्योहारों को पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में नया रास्ता खुला है।

#### महिलाएं बना रही पहचान

सीईओ जिला पंचायत दंतेवाड़ा ने बताया की यह उत्पाद वोकल फॉर लोकल की भावना को साकार करता है। ग्रामीण महिलाएं अब अपने कौशल और मेहनत से बाजार में पहचान बना रही हैं।

#### अनुकरणीय पहल

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा ने बताया की हमने समूह को तकनीकी प्रशिक्षण दिया है। यह फूलों और औषधीय पौधों से तैयार गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित है और इसमें औषधीय गुण भी निहित हैं। इन्होने बताया की हमारा जिला प्रधानमंत्री धन धान्य के अंतर्गत आता है और इस तरह की पहल स्वरोजगार निर्माण, आय अर्जन एवं महिला सशक्तिकरण की अनुकरणीय पहल है।

## होली से पहले 17,616 कृषकों के खातों में पहुंचे 80.89 करोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

होली पर्व से पूर्व छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को बड़ी सौगात देते हुए कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की। बिलासपुर में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में विष्णु देव साय ने प्रदेश के समस्त पंजीकृत किसानों को राशि हस्तांतरित की। इस निर्णय के तहत बीजापुर जिले के 17,616 किसानों के खातों में 80 करोड़ 89 लाख से अधिक की अंतर राशि ट्रांसफर की गई, जिससे जिले भर में खुशी का माहौल है। जिले के चारों ब्लॉकों में किसान सम्मेलनों का आयोजन किया गया। उसूर ब्लॉक के सुदूर अंचल पामेड़ में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। नैमेड़ में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूज कुजूर, नीना रावतिया उद्दे, कलेक्टर संबित मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सहभागिता रही। योजना से लाभान्वित किसानों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा करते सुशीला मिंज ने कहा होली से पहले खाते में अंतर की राशि आना हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है।

इससे खेती के आगामी कार्यों और बच्चों की जरूरतें पूरी करने में सहूलियत मिलेगी। संजय कुड़यिम ने कहा सरकार की यह पहल किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। समय पर राशि मिलने से बीज और खाद की व्यवस्था आसान हो गई है।

नारायण पोंदी ने कहा हम जैसे सुदूर क्षेत्र के किसानों तक योजना का लाभ पहुँचना बड़ी बात है। इससे हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सोनमति कोरसा ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों का सम्मान बढ़ाया है। अंतर की राशि से हमें खेती में नई ऊर्जा मिली है।

## कहानी कथन उत्सव में बच्चे हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



प्राथमिक शाला पुजारीपारा संकुल कोलावल विकासखंड बकावंड में कहानी कथन उत्सव का 28 फरवरी को संपन्न किया गया। इस कहानी कथन उत्सव में 15 स्कूलों के बच्चे अपनी सहभागिता दिया।

ग्रापं भिरिंडा के सरपंच देवराज बघेल, वन समिति के अध्यक्ष सामु बघेल कोलावल के पूर्व सरपंच दुर्जन कश्यप एवं पालक और प्रत्येक शालाओं से एक-एक शिक्षक और स्थानीय कहानीकार उपस्थित थे। कहानी कथन उत्सव का शुभारंभ स्थानीय गीत, कविता और सामूहिक नृत्य के माध्यम से किया गया। कहानीकार के द्वारा स्थानीय चयनित कहानियों का संग्रह करते हुए बच्चों को समूह में सुनाया गया और प्रत्येक बच्चों द्वारा उसे कहानी को अपने संदर्भ में जोड़ते हुए लेखन का कार्य और चित्रांकन किया। सरपंच ने भी कहानी सुनाया और बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर में कोलावल संकुल समन्वयक जनजीत देवांगन, पाथरी संकुल समन्वयक एलएलएफ ब्लॉक समन्वयक सुदरु राम भारती, सनत बघेल, मदन कश्यप, चूड़ामणि कंवर, शिक्षक आसमन कश्यप, इस कुमार चंद्रवंशी, राम भजन बैगा, भुवनेश्वरी अंजलिका देवांगन, मनोरमा नेताम, पूर्णिमा मरकाम, रितु राजवाड़े, मेनका बघेल, निर्मला डालेंद्र, मनीष श्याम, गुनोबती कश्यप, नरेंद्र जगत, लोबोधर नेताम, बुधराम कश्यप, लक्ष्मण कमार, तुलसींग नेताम और समस्त बच्चों के पालक उपस्थित रहे।

## गुचागुड़ा चौक हादसे के बाद दहशत और आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित गुचागुड़ा चौक फिटनेस सेंटर के सामने शनिवार को हुए भीषण सड़क हादसे के बाद आज भी गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। गांव में सन्नाटा पसरा है और मृतक युवक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि फिटनेस सेंटर के सामने भारी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। शनिवार को हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

#### फिटनेस सेंटर हटाने की मांग तेज

गांव में आज भी फिटनेस सेंटर को हटाने को लेकर चर्चा जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आगे और भी बड़ी घटनाएं हो सकती हैं। बताया जा रहा है कि इस मुद्दे को लेकर पंचायत स्तर पर प्रस्ताव तैयार करने की बात कही गई है। प्रस्ताव को पंचायत एवं ग्रामीणों के हस्ताक्षर के साथ शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर को सौंपने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं।

### बीजापुर के तीरंदाज राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रायपुर रवाना



**बीजापुर।** रायपुर में आयोजित होने वाली सातवीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बीजापुर की तीरंदाजी टीम आज रवाना हुई। यह प्रतियोगिता खेलो इंडिया के अंतर्गत रायपुर ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। बीजापुर तीरंदाजी टीम कोच दुर्गेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है और सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन का संकल्प लिया है। यहां विभिन्न वर्गों में खिलाड़ी करेंगे प्रतिनिधित्व। अंडर-15 रिकर्व राउंड, बीजू कुर्सम, सरिता तेलम, इंडियन राउंड, सुशीला हेमला, रोनी हेमला, उर्मिला उर्सा, बालक वर्ग अजय कुड़यिम, कृष्णा धुर्वा, संतोष सोयम, अंडर-13, पायल कचलाम, अंडर-10, आर्शी करनेवार, कलेक्टर संबित मिश्रा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिले के समस्त कोच भी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। ये युवा तीरंदाज राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेंगे। जिलेवासियों को इनसे उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है।

### जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी ने खींचा लोगों का ध्यान



**दंतेवाड़ा।** सुशासन तिहार के अवसर पर जनसंपर्क विभाग ने महत्वाकांक्षी योजनाओं और राज्य की उपलब्धियों को जीवंत छायाचित्रों एवं जानकारीपूर्ण सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया है। प्रदर्शनी में महतारी वंदना योजना, कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और मोदी की गारंटी जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई है। इसी क्रम में आज दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड गीदम अंतर्गत ग्राम तुमनार में भी सुशासन तिहार के तहत विशेष कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यहाँ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं, किसान तथा युवा वर्ग प्रदर्शनी का अवलोकन कर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। प्रदर्शनी स्थल पर विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को विभिन्न योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभ की जानकारी विस्तार से दी जा रही है।

## कार्य में विलंब व लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



ठेकेदारों को अनुबंधों में 70 प्रतिशत से अधिक भुगतान हो चुका है, उन्हे अनुबंधों को 100 प्रतिशत पूर्ण करने हेतु कड़ाई से निर्देशित किया जाए।

जिला कार्यालय में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों का ग्रामवार समीक्षा किया गया। उन्होंने बैठक में कहा कि जिन योजनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक का भुगतान हो चुका है, उन्हें त्वरित गति से पूर्ण करें साथ ही जिन कलेक्टर ने यह भी कहा कि कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए ब्लैक लिस्टेड किया जायेगा। इसके साथ ही ऐसे ठेकेदारों को न तो जिले में शासकीय विभागों से ठेका मिलेगा साथ ही साथ उन्हें जिले के आस-पास के जिलों में भी निविदाओं में भाग लेने से वंचित भी कर दिया जायेगा।

कलेक्टर ने बैठक में 70 प्रतिशत से अधिक भुगतान के अनुबंधों के कार्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान विभाग द्वारा कुछ ग्रामों के डीपीआर में छूट गये पारों, टोलों में अतिरिक्त पाईप लाईन की आवश्यकता बताये जाने पर कलेक्टर ने निरीक्षण पश्चात विस्तृत जानकारी के साथ प्रस्ताव प्रेषित करने को कहा। इसके साथ ही जिन ग्रामों के जल टंकी के कार्यों की निविदाओं में ठेकेदार नहीं भाग ले रहे है। उन ग्रामों में जीआई स्ट्रक्चर जैसे विकल्प को शामिल करते हुए योजना पुनरीक्षण के प्रस्ताव प्रेषित किये जायें।

## पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास ही सुरक्षित समाज की नींव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आमजन के साथ पुलिस की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गौरव राय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन के दिशा-निर्देशन में ऐतियात नामक सामुदायिक पुलिसिंग अभियान प्रारंभ किया गया है। इस पहल के अंतर्गत थाना गीदम पुलिस द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जनसंवाद स्थापित कर नागरिकों को साइबर अपराध, नशामुक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा, यातायात नियमों तथा सामाजिक सौहार्द जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। ग्राम तुमनार साप्ताहिक बाजार में कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास ही सुरक्षित समाज की नींव है, और ऐतियात अभियान इसी विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान साइबर फ्रॉड से बचाव, ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए गए।, राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की जानकारी दी गई, साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल शिकायत हेतु टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में अवगत कराया गया।

#### संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल दें

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या हेल्पलाइन नंबर पर दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पुलिस जवानों की सक्रिय भागीदारी एवं जागरूकता संदेशों से लोगों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। उपस्थित नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम होती है तथा समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। उक्त कार्यक्रम का संचालन थाना प्रभारी गीदम विजय पटेल द्वारा थाना स्टाफ के साथ किया गया।

## विज्ञान जीवन के हर पहलू को करता है प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद छत्तीसगढ़ एवं जिला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वाधान में सेजस ढोढरेपाल विकासखंड बकावंड में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन विज्ञान में महिलाओं का योगदान थीम पर किया गया। कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

■ सेजस ढोढरेपाल बकावंड में मनाया गया विज्ञान दिवस

कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्राचार्य गोवर्धन पाणिग्रही ने किया। मुख्य वक्ता दीपा दास व्याख्याता ने बच्चों को विज्ञान विषय के विभिन्न आविष्कारों के बारे में बताया। राजकुमार साहू व्याख्याता ने विज्ञान दिवस की बधाई के साथ सभी विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने की बात रखी। प्रधान अध्यापिका रेहाना अंजुम ने विज्ञान में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। वक्ता प्रदीप एवं राकेश विज्ञान शिक्षक ने सीवी रमन के विज्ञान में योगदान के बारे में बताया। आयोजन में विशेष रूप से शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के बीएड संकाय से प्रशिक्षु शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रशिक्षु भारती ने विज्ञान और विकसित भारत पर अपना उद्बोधन दिया। छात्रा उर्मिला ने भाषण में विज्ञान की महत्वपूर्ण खोजों के बारे में बताया। संस्था की प्रभारी प्राचार्य ममता सर्वा कार्यक्रम को बहुत ही महत्वपूर्ण और बस्तर के लिए अति आवश्यक बताया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया और कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को बधाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बच्चों के लिए अपना संदेश दिया कि विज्ञान जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है। विज्ञान में अपना करियर बनाएं। कार्यक्रम के अंत में विजेता बच्चों को शील्ड, प्रमाणपत्रों के साथ मिष्ठान वितरण भी किया गया। सी कास्ट के जिला समन्वयक रियाज अली ने छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यकम में मंच संचालन खगेंद्र पाढ़ी ने किया।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर बचेली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओपी कमलजीत पाटले, थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू, तहसीलदार महेश कश्यप सहित जनप्रतिनिधि, व्यपारीगण एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाया जाए। प्रशासन की ओर से निर्देश दिया गया कि होलिका दहन रात्रि 11 बजे तक ही किया जाए, मुखौटा न लगायें, स्कूली बच्चों की परीक्षा को ध्यान रखते हुए साउंड सिस्टम तेज आवाज में न चलायें, रोड पर दुकान न लगावें ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो। एसडीओपी ने बताया कि पर्व के दौरान नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों एवं शराब पीकर तीन-चार सवारी बैठाकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही के साथ साथ आवश्यक कानूनी कदम उठाए जाएंगे। तहसीलदार ने सभी नागरिकों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की।




**शपथ पत्र**

मैं लच्छू गोरडा पिता सोनू गोरडा जाति पनका निवासी 1122/क सी एम पांडेय गली विवेकानंद वार्ड क्र. 30 जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. निम्न कथन करता हूं।

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 7910 3199 7247 पर दर्ज दर्शित नाम लक्ष्मण गोरडा/ LAKSHMAN GORDA जो त्रुटिवश असत्य व गलत है।
3. यह कि मैं आधार कार्ड में अपना नाम परिवर्तन कर नया नाम लच्छू गोरडा/LACHHU GORDA दर्ज करवाना चाहता हूं।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र आधार कार्ड में नाम परिवर्तन कर नया नाम लच्छू गोरडा/ LACHHU GORDA दर्ज करने के समर्थन में प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**खबर संक्षेप**

## सत्य पर साजिश की हार



**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को न्यायालय से मिली राहत को पार्टी नेताओं ने सत्य की जीत बताया है। उनका कहना है कि यह फैसला देश के लोकतंत्र, संविधान और न्याय व्यवस्था की मजबूती का प्रमाण है। आप नेता समीर खान ने बयान जारी कर कहा कि बीते चार वर्षों से केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को बदनाम करने और उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की गई। तथाकथित शराब घोटाले के जरिए जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास हुआ,ताकि शिक्षा,स्वास्थ्य और जनकल्याण की राजनीति करने वाले नेतृत्व की लोकप्रियता को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्णय ने स्पष्ट कर दिया है कि सत्य को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता।

## शिविर में 67 यूनिट रक्त का किया संग्रहण

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं सह अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसायटी आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल में शनिवार की सुबह 9 बजे से वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 67 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। शिविर में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, लैब टेक्नीशियन, अस्पताल के अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जूनियर बस्तर ऑफ चेम्बर्स जगदलपुर, बटालियन के जवान, नगर सैनिक के जवानों एवं समाजसेवी संगठनों एवं युवाओं ने भी स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया।

# लाख पालन से कृषक ने बनाया नया घर, गाड़ी खरीदा व परिवार हो रहा खुशहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर में परंपरागत खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक तरीके से लाख पालन ने आदिवासी किसानों की आर्थिक स्थिति को बहुत मजबूत किया है। पलाश, कुसुम और बेर के पेड़ों पर आधारित इस व्यवसाय से किसान कम लागत में लाखों की कमाई कर रहे हैं। सरकार द्वारा प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता से यह आय का प्रमुख स्त्रोत बना है। बस्तर जिला में करपावंड विकासखण्ड के ग्राम जैबेल में रहने वाले लाख कृषक लुदूराम बेसरा जो वर्तमान में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति जैबेल के प्रबंधक भी हैं। लाख पालन का कार्य प्रारंभ किया गया तब ये राज्य लघु वनोपज संघ के लाख विकास योजना के अंतर्गत लाख फैसिलिटेटर के रूप में कार्य करते थे। उस समय से ही इनके द्वारा अत्याधिक रूझान से करपावण्ड परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोलावल, धनपुर, महेशबेड़ा, मोकागांव, गौराबहार, गारेंगा, बाघराय, बंगलाडोंगरी, कादोमाली, कोयलेबेड़ा, टेम्पलकुमार आदि का क्षेत्र भ्रमण कर लाख पालन हेतु स्थानीय कृषकों को प्रेरित किया जाता था। लुदूराम ने कहा कि उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु लाख पालन ने उनके जीवन में एक अहम भूमिका निभायी है, लाख पालन करते हुये आज वे अपने ग्राम में नया घर, अपनी गाड़ी खरीद चूके है तथा अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतित कर रहे हैं।

## किसानों की आमदनी में आई बढ़ोतरी

### कम लागत में अधिक मुनाफा

कृषकों ने बताया कि लाख पालन में शुरूआती लागत कम होती है, और किसानों को पारंपरिक फसलों की तुलना में सात से आठ गुना अधिक आय प्राप्त होती है। एक कुसुम वृक्ष से किसान बिहन लाख विक्रय कर लगभग 30 हजार से 1 लाख रूपए आमदनी प्राप्त करता है। इसी तरह अधिक वृक्षो में उत्पादन कर वह और अधिक लाभ प्राप्त करता है। साथ ही फूंकी लाख एवं छीली लाख विक्रय करने पर भी वह अच्छी आय प्राप्त करता है।



### जिला यूनियन की उपलब्धियां

बस्तर जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला यूनियिन जगदलपुर अंतर्गत माह जून-जुलाई सीजन 2025 में यहां के स्थानीय लगभग 123 कृषको द्वारा 110.26 क्विं. बीहन लाख उत्पादन किया गया। उक्त उत्पादित मात्रा 110.26 क्विं. बीहन लाख में से वर्तमान जून-जुलाई सीजन में कृषकों द्वारा 210 कुसुम वृक्षों में से 52 वृक्षों में 5.10 क्विं. बीहन का संचारण तथा 1457 बेर वृक्षों में 1252 वृक्षों में 56.69 क्विं. बीहन का संचारण किया गया। शेष 27.60 क्विं. बीहन को स्थानीय तथा अन्य जिला यूनियन के कृषकों को 550 रूपए प्रति किलो की दर से लाख कृषि हेतु विक्रय किया गया। लाख पालन खासकर छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए एक लाभदायक व्यवसाय बन सकता है क्योंकि यह कम लागत और अधिक आमदनी वाला व्यवसाय है।

## रियासत कालीन जोड़ा होलिका दहन 2 मार्च को, परंपरा का निर्वहन

# डोली शोभायात्रा के साथ शुभ मुहूर्त में होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर





शहर के हृदय स्थल सीरासार चौक स्थित मावली मंदिर के सामने रियासत कालीन जोड़ा होलिका दहन 2 मार्च को परंपरानुसार संपन्न होगा। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित यह आयोजन प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

समाज अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे ने बताया कि श्री जगन्नाथ मंदिर से भगवान श्रीकृष्णजी की दो डोली भव्य शोभायात्रा के रूप में निकाली जाएगी। शोभायात्रा रथ परिक्रमा मार्ग से होते हुए मावली मंदिर के समक्ष स्थित होलिका दहन स्थल तक पहुंचेगी। डोली आगमन के पश्चात विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी और शुभ मुहूर्त में जोड़ा होलिका दहन संपन्न होगा। सीरासार चौक स्थित मावली मंदिर के समक्ष माता मावली एवं भगवान जगन्नाथ स्वरूप श्रीकृष्ण के कल्कि अवतार को समर्पित दो होलियों का दहन किया जाता है। यह परंपरा शताब्दियों से निरंतर चली आ रही है, जिसका निर्वहन 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज आज भी पूर्ण आस्था और परंपरा के साथ करता है।

होलिका पूजन के पश्चात श्रद्धालु प्रज्वलित अग्नि में श्रीफल व पूजन सामग्री अर्पित कर परिक्रमा करेंगे और पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी व श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। समाज ने सभी से सपरिवार सहभागिता की अपील की है।

### होलियारी का सांस्कृतिक उत्सव

होलिका दहन के पावन अवसर पर 2 मार्च की रात्रि 8 बजे से सीरासार चौक में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम "होलियारी" आयोजित किया जाएगा। लाइव आर्केस्ट्रा की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ स्थानीय कलाकार होली के पारंपरिक एवं फिल्मी गीतों से वातावरण को रंगमय बनाएंगे। रंगोत्सव की शुरुआत को उल्लासपूर्वक मनाने के लिए नगरवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की गई है।

# टेनिस प्रतिभाओं के लिए सुविधाओं की दरकार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- संघ ने की कलेक्टर से मुलाकात

टेनिस संघ ने पुराने कोर्टों की मरम्मत एवं दो नए टेनिस कोर्ट निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर से मुलाकात की। संघ ने बताया कि इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में वर्तमान में केवल दो टेनिस कोर्ट उपलब्ध हैं, जबकि बस्तर में टेनिस खिलाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में लगभग 100 खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं, वहीं शाम की टेनिस अकादमी में 50 बालक-बालिकाएं प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन खिलाड़ियों में से कई राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अंडर-12, 14, 16 एवं 18 वर्ग में बस्तर का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। संघ का कहना है कि एक समय में डबल्स मैच में केवल आठ खिलाड़ी ही खेल पाते हैं, जिससे अभ्यास और प्रतियोगिताओं के आयोजन में कठिनाई होती है। संघ पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि पुराने एस्फाल्ट सिंथेटिक कोर्ट का मटेरियल अत्यधिक सख्त हो चुका है, जो अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के मानकों के अनुरूप नहीं है। इससे खिलाड़ियों को चोट लगने का खतरा बना रहता है। ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के निर्धारित मानकों के अनुसार कोर्ट की स्थिति संतोषजनक नहीं होने से बस्तर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी का अवसर नहीं मिल पा रहा है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम चार टेनिस कोर्ट अनिवार्य हैं। कलेक्टर ने आवश्यक पहल का आश्वासन दिया। संघ के अध्यक्ष डॉ के एल आजाद, संरक्षक हरदीप सिंह गैदु, सचिव थॉमस फिलिप एवं कोषाध्यक्ष श्याम पंजियार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अनुभव की पूंजी के साथ विदा हुए 13 शासकीय सेवक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- कलेक्टर ने सेवानिवृति पर दी भावभीनी विदाई

कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में एक समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हुए 13 अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी दीर्घकालिक सेवाओं के उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पेंशनर संघ के पदाधिकारी और परिजन उपस्थित रहे।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आह्वान किया कि सेवानिवृत्त होने वाले सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने जीवन के बहुमूल्य अनुभव को समाज के साथ साझा करें, ताकि समाज के उत्थान में उनके ज्ञान का लाभ लिया जा सके। उन्होंने कहा कि एक अनुभवी व्यक्ति की भूमिका समाज के मार्गदर्शक के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसी क्रम में कलेक्टर ने पेंशन प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकृत किए जाने के लिए कोषालय अधिकारी और कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने विभाग को सजग करते हुए निर्देश दिए कि आगामी छह माह में सेवानिवृत्त होने वाले सभी शासकीय सेवकों के पेंशन व अन्य देयकों से संबंधित प्रकरणों को समयबद्ध ढंग से और पूरी तत्परता के साथ पूर्ण किया जाए।



# रेत और सीमेंट गुणवत्ता में कम कभी भी हो सकता है हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बकावंड

- स्टाप डैम और पुलिया निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

विकासखंड बकावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलावल के आश्रित ग्राम राताखंडी में बन रहे स्टाप डैम और पुलिया निर्माण में गड़बड़ी के आरोप ग्रामीणों ने लगाए है। उनका कहना है कि तत्काल तकनीकी जांच नहीं हुई तो यह ढांचा आने वाले समय में हादसे को न्योता दे सकता है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि निर्माण में निम्नस्तरीय रेती का उपयोग किया जा रहा है। कांक्रीट की मजबूती से खिलवाड़ हो रहा है। बरसात में डैम और पुलिया के बह जाने या क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है।

आरोप यह है कि निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता वाले सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कुछ दिन पूर्व धनपुर क्षेत्र से बिना अनुमति रेती निकाली जा रही थी। जब ग्रामीणों और सरपंच ने इसका विरोध किया तो कार्य अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, लेकिन अब पाथरी नदी क्षेत्र से अवैध रूप से रेत का खनन और परिवहन जारी है। यह खनिज नियमों का खुला उल्लंघन है। इससे शासन को राजस्व हानि के साथ-साथ पर्यावरण का भी नुकसान हो रहा है।

# प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर, प्रवीण और प्रमाणिक होते हैं : देव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर





- भाजपा की संभागीय वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित
- संभाग के सात जिलों के संगठन पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि हुए शामिल
- 7 से 14 अप्रैल तक सभी मण्डलों में अभ्यास वर्ग का होगा आयोजन

भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत संभागीय वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बस्तर संभाग के सातों जिले के संगठन पदाधिकारी, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि शामिल हुये। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि भाजपा केवल एक चुनावी मशीन नहीं, बल्कि एक विचारधारा आधारित संगठन है। इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकतार्ओं के मनोबल को बढ़ाना और उन्हें सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सजग प्रहरी बनाना है। उन्होंने कार्यकतार्ओं के कौशल विकास और वैचारिक प्रबोधन के लिए इस महाभियान की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि आगामी 7 मार्च से 14 अप्रैल तक देश के सभी ग्रामीण और शहरी मंडलों में अभ्यास वर्ग आयोजित किए जाएंगे। यह प्रत्येक वर्ग एक रात और दो दिन (कुल 24 घंटे) का होगा। मंडल स्तर के प्रशिक्षण के समापन के बाद 15 अप्रैल से जिलास्तरीय अभ्यास वर्ग शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर, प्रवीण और प्रमाणिक होते है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए 7 प्रमुख विषयों का चयन किया गया है, जिनमें वैचारिक अधिष्ठान के तहत भाजपा से हमारा जुड़ाव और हमारी विचारधारा, जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक के गौरवशाली सफर पर चर्चा, भाजपा कार्यकर्ता की आदर्श कार्य-पद्धति, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की रणनीति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया और आईटी का प्रभावी उपयोग और कार्यकर्ताओं की प्रतिभा और रुचि को निखारने के लिए रात्रिकालीन सांस्कृतिक सत्र शामिल हैं।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक लता उसेण्डी ने कहा कि प्रशिक्षण हमारा आधारभूत कार्यक्रम है। प्रशिक्षण से कार्यकर्ता विषय के अच्छे जानकार बनते है। उन्होंने बूथ प्रबंधन के विषय में विस्तार से जानकारी रखी। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग केवल एक कार्यक्रम नहीं, वरन भाजपा की उस सांगठनिक शक्ति को और धार देने का माध्यम है, जो तकनीक और विचार के संगम से विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगी। प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने वैचारिक अधिष्ठान में एकात्म दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर विस्तार से विचार रखे। प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान मण्डल स्तर तक आयोजित होंगे। कार्यशाला में सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पाण्डेय, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्रही ने भी संबोधन दिया। आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने किया।

### ये रहे मौजूद

संभागीय वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला अध्यक्षों में संतोष जैन कांकेर, सेवक राम नेताम कोण्डागांव, संध्या पवार नारायणपुर, धनीराम बारसे सुकमा, संतोष गुप्ता दंतेवाड़ा, घासीराम नाग बीजापुर, विक्रम उसेण्डी,पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, विधायक विनायक गोयल, चैतराम अट्टामी, आसाराम नेताम,डा.सुभाऊ कश्यप, लच्छू राम कश्यप, रूपसाय सलाम, सुधीर पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, दीपेश अरोरा, ओजस्वी मण्डावी, बृजमोहन देवांगन,नंदलाल मुड़ामी,नारायण मरकाम,राहुल असरानी, संजय लुक्कड़, परीस बेसरा, रजनीश पाणिग्रही, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव आदि सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# क्विज प्रतियोगिता में दिलेश्वरी और खिरमनी अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



- विकसित भारत के संकल्प के साथ विद्यार्थियों ने दिखाया वैज्ञानिक कौशल
- हायर सेकेंडरी स्कूल करीतगांव में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव में शनिवार को विज्ञान एवं गणित क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष का कार्यक्रम विज्ञान में महिलाएं-विकसित भारत को उत्प्रेरित करना विषय पर केंद्रित रहा। जिसका मुख्य उद्देश्य दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व को रेखांकित करना और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना था। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा उत्पन्न करने क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से विज्ञान के विविध पहलुओं पर प्रश्न पूछे गए, जिसमें उनके तार्किक ज्ञान और सूझबूझ का प्रदर्शन देखने को मिला। प्रतियोगिता के परिणामों के आधार पर कक्षा 11 वीं की कु. दिलेश्वरी कश्यप और कक्षा 9 वीं की कु. खिरमनी कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कक्षा 9 वीं के सुरेश कश्यप व कु. ट्विंकल कश्यप रहे, जबकि तृतीय स्थान कु. चांदनी बेसरा एवं जगबंधु भारती ने हासिल किया। इसके अतिरिक्त कु. निरबती भारती, कु. मनीषा नाग और कु. खुशबू कश्यप को उनके सराहनीय प्रयास के लिए सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। प्राचार्य मोनिता पानिग्राही ने सराहना की। इस मौके पर शिक्षक, शिक्षिकाएं रीना दास, राहुल सिंह ठाकुर, वाणी हुमने, लोकेश निषाद, सुभाष पटेल, अमरजीत वर्मा, करिश्मा पानिग्राही मौजूद रहे।

यह दिवस महान भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन द्वारा 1928 में की गई रमन प्रभाव की युगांतरकारी खोज के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिसके लिए उन्हें वर्ष 1930 में भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

